हिन्दुस्तान

# नकली घी बनाने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड़

हिन्दुस्तान टीम,हाथरस | Published By: Newswrap

- Last updated: Sun, 08 Nov 2020 09:24 PM

कोतवाली के पीछे चल रहे नकली देसी घी तैयार करने के काम का रविवार को खाद्य विभाग की टीम ने पर्दाफाश कर दिया। तहसील मार्ग स्थित फैक्ट्री में नकली देसी घी तैयार कर विभिन्न कंपनियों के पैकिंग पाउच में रिफिल कर बाजार में बेचा जाता था। खाद्य विभाग की टीम ने फैक्ट्री से सामान सामान जब्त किया है और घी के नमूने जांच के लिए भेजे हैं। टीम को देख फैक्ट्री में काम करने वाले सभी कर्मचारी मौके से फरार हो गए।

दिवाली से पहले देसी घी की खपत बढ़ जाती है। इसलिए बाहर से लाकर व तैयार कर देसी घी कस्बे के बाजार में बेचा जाता है। रविवार को खाद्य विभाग की टीम ने नकली देसी घी तैयार करने वाली कस्बे की एक फैक्ट्री पर छापेमारी की। कोतवाली के नजदीक काफी दिनों से नकली देसी घी तैयार किया जा रहा था। शिकायत के बाद खाद्य सुरक्षा अधिकारी हरीश चंद्र, सुरेश कुमार चौरसिया की टीम ने तहसील मार्ग स्थित नकली देसी घी बनाने वाली फैक्ट्री की पोल खोल दी। टीम को मौके से तैयार किया हुआ नकली घी, पैकिंग मशीन, विभिन्न मिल्क कंपनी के पैकिंग पाउच मिले है। टीम ने घी के सैंपल सुरक्षित कर लिए हैं। इन्हें जांच के लिए भेजा जाएगा। मौके से सामान भी जब्त किया गया है। नकली देसी घी बनाने वाली फैक्ट्री कस्बे के सौरभ अग्रवाल पुत्र प्रेम कुमार अग्रवाल की बताई जा रही है। फैक्ट्री से जो सामान मिला है, उससे साफ जाहिर होता है कि यहां बड़े पैमाने पर नकली घी तैयार करने का काम चल रहा था। विभिन्न कंपनियों का नकली घी तैयार कर बाजार में बड़े मुनाफे के साथ बेचा जाता है। प्रशासनिक अधिकारी, पुलिस बल के साथ खाद्य विभाग की टीम ने नकली घी बनाने वाली फैक्ट्री को सीज कर दिया।

फूड विभाग इंचार्ज हरेंद्र सिंह का कहना है कि हमें इसकी सूचना मिल रही थी सूचना मिलते हैं हम लोग फर्जी घी बनाने वाले गोदाम में छापेमारी की और अलग-अलग लेवल में घी तैयार होता था सैंपल भर लिए हैं कानूनी कार्रवाई की जाएगी

एफडीए ने आठ स्थानों से लिए नमूने

शहर व कस्बा लाढ़पुरा में छापेमारी कर एफडीए ने दूध व खोया के नमूने लिए।

हाथरस। दिवाली के त्योहार पर बाजार में नकली व मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री रोकने के लिए खाद्य सुरक्षा और औषधि प्रशासन द्वारा छापामार अभियान चलाकर खाद्य पदार्थों के नमूने लिए जा रहे हैं। रविवार को भी टीम ने अलग-अलग स्थानों से आठ खाद्य पदार्थों के नमूने लिए। सभी को जांच के लिए प्रयोगशाला में भेज दिया है।

अभिहित अधिकारी देवाशीष उपाध्याय के निर्देशन व मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी के नेतृत्व में मिलावटखोरों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत रविवार को टीम ने मुरसान गेट स्थित बौहरे वाली देवी मंदिर के पास से विक्रेता जाकिर पुत्र मुन्ना खां निवासी धातुरा कलां से दूध, लाढ़पुर स्थित मिठाई की दुकान से खोया व लाढ़पुर में ही एक अन्य दुकान से दूध का नमूना लिया। इस प्रकार अलग-अलग स्थानों से आठ नमूने लिए। टीम द्वारा सभी नमूनों को जांच के लिए लखनऊ स्थित लैब में भेज दिया है।

Source: https://www.livehindustan.com/uttar-pradesh/hathras/story-fake-factory-making-ghee-busted-3618309.html